भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर -2023-24

कक्षा-आठवीं	**विभाग: हिंदी**	**Date – 26.04.23**
प्रश्न बैंक	**लाख की चूड़ियाँ**	**Note: Pl. file in portfolio**

नाम: ____________________अनुभाग: ______अनुक्रमांक: ______दिनांक: ____________

दीर्घ प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1 : बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था? बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था?

बचपन में लेखक को अपने मामा के घर जाने का बहुत चाव था। उसके चाव का कारण वहाँ रहनेवाला बदलू मनिहार था । वह उसे बहुत-सी रंग-बिरंगी लाख की चूड़ियाँ बनाकर देता था । ये गोलियाँ उसका मन मोह लेती थीं । चूँकि बदलू लेखक के मामा के गाँव में रहनेवाला था । इसलिए लेखक को उसे भी 'मामा' कहना चाहिए था । लेकिन गाँव के बच्चे उसे 'बदलू काका' कहकर पुकारते थे तो वह भी उन्हें 'बदलू काका' कहने लगा ।

प्रश्न 2 : वस्तु-विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?

वस्तु-विनिमय का अर्थ है -एक वस्तु के बदले दूसरी वस्तु देना । अर्थात इस पद्धति में वस्तु को पैसे देकर नहीं खरीदा जाता , अपितु एक वस्तु को लेने के लिए दूसरी वस्तु दी जाती है । वस्तु के बदले पैसे न लेकर वस्तु ही स्वीकार करने की पद्धति को 'वस्तु विनिमय पद्धति' कहते हैं । परंतु आज का समाज बदल चुका है और यह वस्तु-विनिमय पद्धति भी लगभग समाप्त हो चुकी है । अब बाज़ार से वस्तु खरीदने के लिए धन की ज़रुरत होती है ।

लघु प्रश्नोत्तर

प्रश्न 3 :'मशीनी युग' ने कितने हाथ काट दिए हैं।' - इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है?

'मशीन युग ने कितने हाथ काट दिए हैं? '– इस पंक्ति में लेखक ने कारीगर के कष्टों की ओर संकेत किया है। क्योंकि कारीगर अपने हाथों से बनी चीजों को बेचकर अपना जीवन यापन करते थे। इन लोगों ने और कोई काम नहीं सीखा था। और अब मशीनों के आने से ये लोग बेरोजगार हो गए हैं।

प्रश्न 4: बदलू के मन में ऐसी कौन-सी व्यथा थी, जो लेखक से छिपी न रह सकी?

बदलू लाख चूड़ियाँ बेचता था, लेकिन जैसे-जैसे काँच की चूड़ियों का चलन बढ़ता गया, उसका कारोबार ठप हो गया। बदलू को इस बात का दुख था कि उसके जैसे कई शिल्पकारों को मशीनी युग के प्रभाव के कारण बेरोजगारी और उपेक्षा का सामना करना पड़ा है। अब लोग कारीगरी पर

ध्यान नहीं देते और दिखावटी चमक पर ज्यादा ध्यान देते हैं। यह पीड़ा लेखक से छिपी नहीं रह सकी।

प्रश्न 5: मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

मशीनी युग से बदलू के जीवन में ऐसा बदलाव आया कि मशीनी युग में काँच की चूड़ियों के प्रचार से बदलू का धंधा ठप हो गया, वह बेरोजगार हो गया। वह अब कमजोर और बीमार हो गया था।

प्रश्न 6 : लाख की वस्तुओं का निर्माण भारत के किन-किन राज्यों में होता है? लाख से चूड़ियों के अतिरिक्त क्या-क्या चीजें बनती हैं?

लाख से बने उत्पाद राजस्थान, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में बनते हैं। लाख से सुंदर खिलौने, घर की साज-सज्जा की वस्तुएँ, आभूषण, मूर्तियाँ, चूड़ियाँ आदि बनाई जाती हैं।

अति लघु प्रश्नोतर

प्रश्न 7. 'लाख की चूड़ियाँ'-पाठ के लेखक का क्या नाम है ?

'लाख की चूड़ियाँ'-पाठ के लेखक का नाम कामतानाथ है ।

प्रश्न 8. बदलू काका लेखक को क्या बनाकर देता था ?

बदलू काका लेखक को रंग-बिरंगी लाख की गोलियाँ बनाकर देता था ।

प्रश्न 9. बदलू चूड़ियों के बदले लोगों से क्या लेता था ?

बदलू चूड़ियों के बदले लोगों से अनाज लेता था ।

प्रश्न 10. बदलू को किस चीज़ से अत्यधिक चिढ़ थी?

बदलू को काँच की चूड़ियों से अत्यधिक चिढ़ थी ।

प्रश्न 11. बदलू प्रतिदिन कितनी जोड़ी चूड़ियाँ बनाता था?

बदलू प्रतिदिन चार-छह जोड़ी चूड़ियाँ बनाता था ।

प्रश्न 12. बदलू लेखक को क्या कहकर संबोधित करता था ?

बदलू लेखक को 'लला' कहकर संबोधित करता था ।

प्रश्न 13. बदलू काका की बेटी का नाम क्या था ?

बदलू काका की बेटी का नाम रज्जो था ।